पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने दो मोबाइल टेस्टिंग वाहनों को राजभवन से झण्डी दिखाकर किया रवाना

लखनऊः 6 फरवरी, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से अत्याधुनिक पैथालॉजी टेस्टिंग एवं कोविड–19 टेस्टिंग की जरूरी व्यवस्थाओं से सुसज्जित दो मोबाइल टेस्टिंग वाहनों को रेडक्रास का ध्वज दिखाकर देवरिया तथा मेरठ के लिए रवाना किया।

उक्त दोनों मोबाइल टेस्टिंग वाहन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था 'इंटरनेशनल फेडरेशन आफ रेडक्रास एंड रेड क्रिसेट सोसाइटी' ने इंडियन रेडक्रास सोसाइटी आफ उत्तर प्रदेश इकाई को दान में दिये हैं।

उत्तर प्रदेश रेडक्रास सोसाइटी के महासचिव डा0 हिमा बिन्दु नायक ने बताया कि यह वाहन जनपद देवरिया एवं देवरिया के आसपास के सभी जनपदों में जांच करेंगे। इसी प्रकार जनपद मेरठ में जाने वाले वाहन पश्चिमांचल के सभी जनपदों में अनुरोध पर भेजे जायेंगे। वहां पर पैथालॉजी टेस्टिंग एवं कोविड–19 की जांच करेंगे। उन्होंने बताया कि मोबाइल टेस्टिंग वाहनों में डाक्टरों की एक टीम रहेगी, जो पैथालॉजी से संबंधित आवश्यक जांच भी करेंगे तथा आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा लाभ के लिये सही परामर्श भी देंगे।

इस अवसर पर इंडियन रेडक्रास के उप सभापति अखिलेन्द्र शाही, कोषाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह एवं रेडक्रास देवरिया के चेयरमैन रमेश चन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव डा0 अशोक अरोरा एवं मेंबर मैनेजिंग कमेटी डा0 शफीक जमा सहित रेडक्रास के अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र
9453005360